- आर्यों के प्रसार के अंतर्गत एवं उसके पश्चात् भारत के अन्य राज्यों की भाँति राजस्थान में भी जनपदों का उदय, विकास एवं पतन हुआ।
- बौद्ध ग्रंथ **'अंगुत्तर निकाय'** में भारत के **16 महाजनपदों** की सूची दी हुई है, इनमें से मत्स्य महाजनपद राजस्थान में स्थित था।
- सिकन्दर के आक्रमण के फलस्वरूप पंजाब की मालव, शिवि, अर्जुनायन, यौद्येय आदि जातियाँ राजस्थान में आईं और यहाँ अपने जनपद स्थापित कर लिए।

मत्स्य जनपद

- आर्य जन के रूप में मत्स्य जाति का उल्लेख सर्वप्रथम ऋग्वेद में हुआ है। शतपथ ब्राह्मण और कौषीतकी उपनिषद् में भी मत्स्य जन का उल्लेख मिलता है।
- महाभारत में भी मत्स्य जनपद की गणना भारत के प्रमुख जनपदों में की है। महाभारतकाल में **राजा विराट** यहाँ का शासक था जिसकी राजधानी **विराटनगर** (बैराठ) थी, जो आधुनिक कोटपूतली-बहरोड़ जिले में स्थित है।
- मत्स्य जनपद कुरु जनपद के दक्षिण में एवं शूरसेन जनपद के पश्चिम में स्थित था। पश्चिम में सरस्वती तथा दक्षिण में चम्बल नदी इसकी सीमाएँ बनाती थीं।
- यद्यपि महाभारत काल के बाद मत्स्य जनपद के संबंध में अधिक जानकारी नहीं मिलती तथापि **डॉ. गोपीनाथ शर्मा** के अनुसार महाभारत के बाद कुरु व यादव जनपद निर्बल हो गए, जिनकी निर्बलता का लाभ उठाकर मत्स्य जनपद शक्तिशाली हो गया।
- मत्स्य जनपद का अपने पड़ोसी **शाल्व जनपद** एवं **चेदी जनपद** से संघर्ष चलता रहता था।
- वर्तमान राजस्थान के अलवर, भरतपुर, जयपुर, दौसा एवं करौली जिलों के कुछ क्षेत्र मत्स्य जनपद के अंतर्गत शामिल थे।

शिवि जनपद

- मेवाड़ राज्य का प्राचीन नाम शिवि था। यह पंजाब की शिवि जाति द्वारा स्थापित किया गया था। इसकी राजधानी **मज्झमिका/मध्यमिका/नगरी** (चित्तौड़गढ़) थी। पतंजली के महाभाष्य एवं महाभारत दोनों ग्रंथों में 'नगरी' का उल्लेख मिलता है।
- शिवि क्षेत्र को कालांतर में **मेदपाट, प्राग्वाट** और बाद में **मेवाड़** कहा जाने लगा।

मालव जनपद

- मालव जाति का मूल स्थान रावी-चिनाब नदियों का संगम क्षेत्र था। पाणिनी के अनुसार यह एक आयुद्ध जीवि जाति थी जो सिकन्दर के आक्रमण के कारण प्रारम्भ में मालवनगर (कार्कोट नगर, जयपुर) के आस-पास बस गये, बाद में ये लोग राजपूताने के **टोंक, अजमेर** एवं **मेवाड़** क्षेत्रों में आकर बस गये।
- यहाँ पर उन्होंने अपनी शक्ति संगठित कर मालव जनपद की नींव रखी, जिसकी **राजधानी नगर** (टोंक) थी।
- प्रयाग प्रशस्ति के अनुसार मालव जनपद ने समुद्रगुप्त की अधीनता स्वीकार कर ली थी।
- **रैढ़** और **नगर** (टोंक) में उत्खनन से **मालव जनपद के सिक्कों का भण्डार** मिला है।
- भीलवाड़ा के नांदसायूप अभिलेख के अनुसार मालव राजा **श्री सोम** ने शक क्षत्रपों को पराजित कर एक **'षष्टीरात्र यज्ञ'** का अयोजन करवाया था।
- यूनानी लेखों के अनुसार कुषाणकाल में दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान में 'आभीर जनपद' का उदय हुआ।

कुरू जनपद

- कुरू जनपद दिल्ली के आसपास के क्षेत्र में विस्तृत था। राजस्थान के **अलवर** जिले का उत्तरी भाग कुरू जनपद में सम्मिलित था। कुरू जनपद की **राजधानी इन्द्रप्रस्थ** (वर्तमान दिल्ली) थी।

शूरसेन जनपद

- यह जनपद उत्तर प्रदेश में विस्तृत था। राजस्थान के **अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर** जिलों के कुछ हिस्से इसमें शामिल थे। इसकी **राजधानी मथुरा** थी।

यौद्धेय जनपद

- राजस्थान के उत्तरी भाग **'जोहियावाटी'** (वर्तमान **श्रीगंगानगर** एवं **हनुमानगढ़** जिले) में यौद्धेय (जोहिया) जाति का साम्राज्य था।
- रूद्रदामन के एक लेख से स्पष्ट होता है कि इन्होंने **कुषाणों** को इस क्षेत्र से खदेड़ा था। इनका सबसे प्रतापी शासक **कुमारनामी** था।
- यौद्धेय एक शक्तिशाली **गणतंत्रीय** कबीला था।

जांगल जनपद

- वर्तमान बीकानेर, नागौर, फलौदी एवं जोधपुर क्षेत्रों में यह जनपद स्थित था। इसकी राजधानी अहिछत्रपुर (नागौर) थी। बीकानेर के शासक इसी परिप्रेक्ष्य में स्वयं को जांगलधर बादशाह कहते थे।

अर्जुनायन जनपद

- अर्जुनायन जनपद **अलवर-भरतपुर क्षेत्र** में विस्तृत था। अर्जुनायन

शिक्षण अभिक्षमता [Teaching Aptitude]

1 शिक्षण अधिगम (TEACHING LEARNING)

इस अध्याय में अध्ययन किये जाने वाले महत्वपूर्ण बिन्दु

- अधिगम का अर्थ
- अधिगम की परिभाषाएँ
- अधिगम की प्रकृति/स्वरूप
- अधिगम को प्रभावित करने वाले तत्व
- अधिगम प्रक्रिया की विशेषताएँ
- अधिगम की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारक
- अधिगम की प्रक्रिया
- अधिगम प्रक्रिया के सिद्धांत
- शिक्षण अधिगम का तुलनात्मक अध्ययन
- शिक्षण व अनुदेशन का तुलनात्मक अध्ययन
- शिक्षण का अर्थ
- शिक्षण की प्रकृति व स्वरूप
- शिक्षण की विशेषताएँ
- शिक्षण के चर एवं शिक्षण के प्रकार
- शिक्षण की प्रक्रियाओं का महत्व
- शिक्षण अधिगम की विधियाँ

❖ अधिगम वह **मानसिक प्रक्रिया** है, जिसमें बालक परिपक्वता की ओर बढ़ता हुआ, अपने अनुभवों से लाभ उठाता हुआ, अपने स्वाभाविक **व्यवहार या अनुभूति में प्रगतिशील परिवर्तन** और परिष्कार करता है।

अधिगम का अर्थ (Meaning of Learning)

❖ **'अधिगम'** शब्द **'अधिगम-प्रक्रिया (Process)** तथा उस प्रक्रिया के **'परिणाम' (Out-put/Product)** दोनों के लिए प्रयोग किया जाता है। प्रक्रिया के रूप में अधिगम सीखने वाले के अनुभवों, उसकी आन्तरिक एवं बाह्य क्रिया तथा उसकी अपनी परिस्थिति के प्रति उसकी प्रतिक्रियाओं का उल्लेख करता है।

❖ प्रक्रिया के परिणाम के रूप में अधिगम व्यवहार-परिवर्तनों का उल्लेख करता है। व्यवहार का आधार अधिकांशतः **उद्दीपन (Stimulus-S)** तथा **अनुक्रिया (Response-R)** है।

❖ अधिगम एक जटिल प्रक्रिया और कठिन संप्रत्यय है। अधिगम की अवधारणा व्यापक और विस्तृत है।

❖ अधिगम सम्प्रत्यय दो शब्दों से मिलकर बना है—**अधि + गम।** 'अधि' उपसर्ग है और गम का अर्थ है—**जानना या प्राप्त करना।**

❖ इस प्रकार भारतीय दृष्टिकोण के आधार पर हम कह सकते हैं कि अधिगम का अर्थ है—**'ग्रहण करना'।**

❖ दूसरे शब्दों में अधिगम शब्द का अर्थ हुआ **अधिकारिक प्राप्ति, ग्रहण करना, स्वाध्याय, व्यावसायिक सम्प्राप्ति।**

❖ अधिगम को ही **सीखना** (Learning) कहते हैं। शिशु जन्म के समय पूर्णतः असहाय होता है। अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वह माता-पिता पर निर्भर रहता है।

❖ आयु में वृद्धि के साथ शिशु की ज्ञानेन्द्रियों में **चेतना-शक्ति अधिक प्रबल** हो जाती है। चेतना-शक्ति के जाग्रत होने पर वातावरण के प्रति उसकी प्रतिक्रिया आरम्भ हो जाती है और शैशवावस्था से ही बालक वातावरण के साथ व्यवस्थित होने का प्रयत्न आरम्भ कर देता है।

❖ वातावरण के साथ अनुकूल व्यवस्थापन करते समय बालक जिन क्रियाओं के फलस्वरूप **अनुभव अर्जित करता है**, वे उसको अपेक्षित व्यवहार करने की प्रेरणा देती हैं। इन अनुभवों के आधार पर बालक अपने व्यवहार में आवश्यक परिवर्तन करता है। अतः **अनुभव द्वारा व्यवहार में परिवर्तन ही सीखना है।**

❖ एक शिशु उत्सुकतावश दीपक की लौ पकड़ने का प्रयास करता है। वह जलने पर तुरन्त हाथ हटा देता है। इससे उसे अनुभव हुआ कि आग पीड़ा पहुँचाती है।

❖ इस अर्जित अनुभव के आधार पर बालक के व्यवहार में यह परिवर्तन होता है कि भविष्य में वह आग से दूर रहना सीख जाता है।

❖ बालक का व्यवहार पूर्व में संगठित होता ही है, परन्तु उस व्यवहार का **पुनर्गठित** रूप ही अधिगम है।

अधिगम की परिभाषाएँ (Definitions of Learning)

❖ **सारट्रेन, नार्थ, स्ट्रेज तथा चैपमैन** के अनुसार, **''सीखना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा अनुभूति या अभ्यास के फलस्वरूप व्यवहार में अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन होता है।''**

❖ **रिली तथा लेविस के अनुसार, ''अभ्यास या अनुभूति से व्यवहार में धारण योग्य परिवर्तन को सीखना कहा जाता है।''**

❖ **आर.एस. वुडवर्थ** के अनुसार, **''सीखना एक क्रिया है जो बाद की क्रिया पर आपेक्षतः स्थायी प्रभाव उत्पन्न करती है।''**

❖ **गेट्स** के अनुसार, **''अनुभव और प्रशिक्षण के द्वारा व्यवहार में परिवर्तन सीखना है।''**

❖ **अण्डरवुड** के अनुसार, **''सीखना नई प्रतिक्रियाओं को प्राप्त करना है या पुरानी प्रतिक्रियाओं की क्रियाशीलता को बढ़ाना है।''**

❖ **ब्लेयर, जोन्स तथा सिम्पसन** के अनुसार, **''कोई भी व्यवहार परिवर्तन जो प्राणी के अनुभव का प्रतिफल हो और जो उसे भावी परिस्थितियों का सामना नए तरीके से करने में सहायक हो, अधिगम कहलाता है।''**

❖ **क्रो व क्रो ''सीखना, आदतों, ज्ञान और अभिवृत्तियों का अर्जन है।''**

भाषा योग्यता : अंग्रेजी [Language Ability : English]

1 Kinds of Sentences (वाक्य भेद)

Sentence (वाक्य)

A sentence is a group of words which makes a complete sense. शब्दों का वह समूह जिसका पूर्ण अर्थ हो वाक्य कहलाता है।

Example :
India is a great nation.
Honesty is the best policy.
Alas! The poor man is dead.

Kinds of Sentences (वाक्य-भेद)

According to functions there are four kinds of sentences:

1. **Assertive (Declarative) (सूचना देने वाला वाक्य)**—A sentence that makes a statement is called a Declarative sentence.
वह वाक्य जिसमें वर्णन या स्वीकृति का बोध हो।
He comes here daily.
He was playing cricket.
The declaratives which make **positive** statements are called **affirmative** (सकारात्मक वाक्य) and those that make negative statements with the help of negative words (no, not, never, nobody, none etc.) are called **negative.** (नकारात्मक वाक्य)
2. **Interrogative (प्रश्न वाचक वाक्य)**
A sentence in which a question is asked.
वह वाक्य जिसमें प्रश्न पूछा जाये।
Are you married ?
Where do you live ?
3. **Imperative (आदेशात्मक या आज्ञासूचक वाक्य)**
A sentence which expresses a command or request.
वह वाक्य जो आज्ञा, प्रार्थना, निषेध आदि व्यक्त करें।
Get out.
Don't make a noise.
Please give me your pen.
4. **Exclamatory (विस्मयादि बोधक वाक्य)**
A sentence which expresses our feelings.
वह वाक्य जो हमारी भावनाओं को व्यक्त करता हैं।
What a beautiful flower !
Alas ! The poor man is dead.
Hurrah ! We have won the match.

Fragments : Fragments are words or phrases doing the function of complete sentences. They do not have their own subjects and predicates. They can be converted into full sentences.

Example :
(i) Good idea! (ii) Nothing much.
It's a **good idea.**
He is doing **nothing much.**

Fragments वे शब्द या शब्द समूह होते हैं जो पूर्ण वाक्य का कार्य करते हैं परन्तु इनमें स्वयं का कर्त्ता और विधेय नहीं होते। इनको पूर्ण वाक्य में बदला जा सकता है।

Elements of a Sentence (वाक्य के तत्त्व)

1. Subject (कर्ता) 2. Object (कर्म)
3. Verb (क्रिया) 4. Complement (पूरक)
5. Adverb (क्रिया-विशेषण)

(a) वाक्य के पाँच तत्त्व (Elements) होते हैं अर्थात् किसी वाक्य में अधिकतम ये पाँच तत्त्व आ सकते हैं। परन्तु **Subject** (कर्ता) और **Verb** (क्रिया) वाक्य के आवश्यक तत्त्व हैं। इनके बिना वाक्य नहीं बन सकता। जैसे—
(i) Water flows. (ii) Birds fly.

Subject (कर्त्ता): A subject is a word or words about which something is said in a sentence.
(i) **Water** flows.
(ii) **Birds** fly.
(iii) **This house** is beautiful.

Object (कर्म) : An **Object** is a word to which an action is done. A transitive verb takes an object. कर्म वह शब्द होता है जिसके साथ क्रिया घटित होती है।
(i) Ramesh killed **a snake.**
(ii) He wrote **a letter.**
The action of killing was done to **the snake.**

(b) सकारात्मक क्रिया वाले वाक्यों में कर्म (object) अवश्य आता है। जैसे—
(i) Ramesh killed a **snake**. (ii) He wrote a **letter**.

Complement : The words added to complete the meaning of the verb are called its **Complement**.
(i) Mukta is a **doctor.** (पूरक-कर्त्ता)
(ii) They made my uncle a **captain** (पूरक कर्म)
(iii) We chose him our **leader.** (पूरक कर्म)

(c) कुछ क्रियाओं के साथ वाक्य को पूरा करने के लिए पूरक कर्म (Object Complement) लगाना जरूरी होता है। ये शब्द हैं—elect, select, choose, call, name, appoint, make, be, have, become etc.

Subject Complement (कर्त्ता-पूरक)
A word or phrase, especially an adjective or a noun, that is used after, the linking verbs such as **'be'** and **'become'** and describes the subject of the verb is called a **subject complement.**
(a) She is **angry.**
(b) He become **a teacher.**

2 ARTICLES (आर्टिकल्स)

Article Determiners

❖ **Articles are small words that are often used at the beginning of noun phrases. They belong to a group of words called 'determiners'. (Article छोटे शब्द हैं जो प्रायः noun phrases के शुरू में प्रयुक्त होते हैं। ये determiners का भाग है।)**

Articles and their Uses

There are two kinds of articles in English—
(i) Indefinite Article—**A, An**
(ii) Definite Article—**The**

Note—In modern English we have to recognize one more type, **Zero article**. Thus there are three possibilities in all—(i) Use of Indefinite Article, (ii) Use of Definite Article and (iii) Use of Zero Article. (आधुनिक अंग्रेजी में Article का नया प्रकार **Zero article** चिह्नित किया गया है)

❖ Articles are used before nouns or with nouns so they are best learnt in relation to various kinds of nouns. (Articles का प्रयोग nouns के पहले या nouns के साथ किया जाता है इसलिए इन्हें nouns के विभिन्न प्रकारों के साथ अच्छे से सीखा जा सकता है)

❖ Here is a classification of common nouns—



❖ Thus we get three types of nouns—
(i) **Countable Singular (CS)**—Boy, man, pen, house.
(ii) **Countable Plural (CP)**—Boys, men, pens, houses.
(iii) **Uncountable (U)**—Milk, honesty, sugar, wheat.

Use of The Indefinite Article 'A' / 'an' (अनिश्चयवाचक उपपद a, an का प्रयोग)

(i) 'A' or 'an' is the short or weakened form of one and is used before a countable singular noun which is not definite, particular or proper e.g. a boy, an elephant etc. (अनिश्चयवाचक उपपद—a या an अंग्रेजी के 'one' शब्द का संक्षिप्त रूप है। a या an का प्रयोग एकवचन की उन संज्ञाओं के पहले किया जाता है जो गणनीय (Countable) होती हैं और जो निश्चित या विशेष नहीं होतीं)
जैसे—एक लड़का, कोई हाथी या एक हाथी

(ii) 'A' is used before a word beginning with a consonant, or a vowel sound like a consonant—e.g., a man, a chair, a useful thing, a one eyed man. (A का प्रयोग एक ऐसे शब्द के पहले किया जाता है जो व्यंजन से शुरू होता है या ऐसे स्वर से शुरू होता है जो व्यंजन की ध्वनि रखता है)

(iii) 'An' is used before countable singular nouns which begin with an initial vowel sound. (an का प्रयोग एकवचन की उस संज्ञा से पूर्व किया जाता है जो गणनीय (countable) होती है और जिसकी प्रारम्भिक ध्वनि स्वर होती है।) जैसे—
An M.P., an S.D.O., an honourable man., an hour, an X-ray, a one eyed man.
M.P. की प्रारम्भिक ध्वनि **एम** है और S.D.O. की प्रारम्भिक ध्वनि **एस** है, इसलिए इनके पहले an लगा है। a one eyed man में यद्यपि one स्वर o से शुरू होता है परन्तु one की प्रारम्भिक ध्वनि **व** है, इसलिए one के पहले a लगता है।
परन्तु hotel और historical novel के पहले a और an दोनों में से कोई भी एक लग सकता है जैसे—
- a (an) hotel
- a (an) historical novel

Some Special Uses of 'A' Or 'An'

❖ The indefinite article a or an is used—

(i) Before a singular countable noun (i.e. of which there is more than one) when it is mentioned for the first time and represents no particular person or thing. (A या an का प्रयोग एकवचन गणनीय संज्ञा के पहले होता है जो अपने प्रकार की एक से अधिक होती है और किसी वाक्य में पहली बार प्रयोग की जाती है तथा किसी विशेष व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं कराती) जैसे—
- A horse is an animal. (Any horse)
- I see a girl.
- A cat caught a mouse.

(ii) A and An are used before a singular countable noun which is used as an example of a class. (A or An का प्रयोग उस एकवचन गणनीय संज्ञा के पहले होता है जो पूरी जाति का बोध कराती है) जैसे—
- A horse has a tail (All horses have a tail)
- A horse is very useful.

3 TENSE (काल)

1. Tense : The word **'Tense'** is a term of English grammar and refers to a form of the verb that indicates time. Tenses mean different forms of a verb showing different times and aspects. Thus a tense indicates the time of an action and the degree of its completion. In non-action verbs it suggests only time.

He is a doctor.

They are students.

The time indicated by a **verb-form** may be present, past and future and the aspect Simple, Continuous and Perfect. However tense and time are two separate things in English. For instance, a verb in the present tense may indicate future time as in the following sentences—

He is going to Jaipur tomorrow.

(Present continuous tense but future time)

The train leaves at 6.30

(Present simple tense but future time)

Tense (काल) क्रिया के वे विभिन्न रूप हैं जिनसे विभिन्न समय दर्शाये जाते हैं (वर्तमान, भूत एवं भविष्यत् काल) तथा जिनसे गतिविधियों (activities) की निरन्तरता अथवा पूर्णता का बोध होता है। अँग्रेजी में काल (tense) एवं समय (time) दो अलग-अलग अवधारणायें हैं। उदाहरण के रूप में, वर्तमान की क्रिया भविष्य के समय का संकेत दे सकती है।

Scientifically speaking English verbs have only two tense forms, viz. **Past** and **Present** and what is traditionally called future tense is expressed with shall/will and the root (first form) of the verb. eg. He *will* go. I *shall* attend the meeting. You *will* meet him to-morrow.

सामान्यता अँग्रेजी verb की present व past दो ही tense forms होती है तथा future के कार्यों एवं घटनाओं के लिए shall/will के साथ क्रिया की पहली (मूल) form आती है।

2. Aspect : The term *Aspect* stands for (indicates) the relationship between an activity and the passage of time. This relationship may be either of completion or of continuation (duration). Here are examples of the two aspects :

I have done my work.
I had read the book. } Perfect Aspect

I am doing my work.
I was reading the book. } Continuous Aspect.

अँग्रेजी क्रिया के दो aspects (पक्ष) होते हैं— Continuous (निरन्तरता-बोधक) तथा Perfect (पूर्णता-बोधक)।

Continuous Aspect में सहायक क्रिया be का कोई रूप (is, am, are, was, were) तथा मुख्य क्रिया की ing form (present participle) प्रयोग होती है। जैसे I am reading a book.

Perfect Aspect में सहायक क्रिया have का कोई रूप (have, has, had) तथा मुख्य क्रिया की Third form (past participle) प्रयोग होती है। जैसे I have done my work.

3. Verb forms and their uses : The following forms of the main verb are used in the formation of tenses.

विभिन्न tenses की रचना में मुख्य क्रिया के निम्नलिखित रूप प्रयुक्त होते हैं—

(i) Present simple form (First form) (go) or (goes)
(ii) Past simple form (Second form) (went)
(iii) Past participle (Third form) (gone)
(iv) Present participle (ing form) (going)

Verb forms and their uses

I Form	II Form	III Form	ING Form
Present Simple Future Simple	Past Simple	Three Perfect Tense	Three Continuous Three Perfect Continuous

4. Tenses : Structures and Usage :

1. Present Simple :

Verb Form :

(i) **Auxiliary verb** = not used in affirmative sentences.

(ii) **Main verb** = first form (present) 's' or 'es' added to the first form in third person singular.
  (a) I play, but he plays.
  (b) I write, but Reeta writes.

(iii) Present simple form of the verb or be, i.e., is, am, are, is used in this tense, e.g.
  (a) I am a lecturer.
  (b) Raju is an officer.
  (c) They are students.

Nature of Action : Repetitive :

Actions that are repetitive in nature for any reason, such as habit, universality, profession etc. are expressed in this tense. The time content is general present.

The construction of the sentence is as follows :

(i) Sub + verb + object/com + Adv. of Frequency.
Christians go to church every Sunday.

(ii) Sub + verb + s/es + object/com. + Adv. of Frequency.
He reads novels daily. Mohan plays football.

(iii) Sub + is/am/are + NP/Adjective.
I am a teacher. They are honest.

भाषा योग्यता : हिन्दी [Language Ability : Hindi]

1 पर्यायवाची शब्द [Synonyms]

❖ किसी भी भाषा में एक भाव को व्यक्त करने के लिए एक ही शब्द होता है, फिर भी भाव के बहुत ही पास तक पहुँचने वाले कई शब्द हो सकते हैं।
जैसे—
✧ **वृक्ष** कबहु नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर।
✧ बड़ा भया तो क्या भया, जैसे **पेड़** खजूर।
✧ अति विशाल **तरु** एक उपारा।
✧ खाएसि फल अरु **विटप** उपारे।

❖ इन पंक्तियों में **वृक्ष, पेड़, तरु** और **विटप** शब्द पेड़ के अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं।
❖ यद्यपि व्युत्पत्ति और रचना की दृष्टि से इन विभिन्न शब्दों का अलग-अलग महत्त्व है, परन्तु ये शब्द समान अर्थ प्रकट करते हैं। इनके अलावा भी भाषा में अनेक शब्द ऐसे होते हैं, जो एक ही अर्थ देते हैं।
❖ ऐसे शब्द जो परस्पर समान अर्थ का बोध कराते हैं, **पर्यायवाची शब्द** कहलाते हैं। महत्त्वपूर्ण पर्याय शब्द निम्न हैं—

पर्यायवाची शब्दों के परीक्षोपयोगी उदाहरण

पर्यायशब्द	पर्यायवाची
	'अ' से बनने वाले पर्यायवाची
अकथनीय	अनभिव्यंजनीय, अनिर्वचनीय, अपरिभाष्य, गोपनीय, चमत्कारपूर्ण, वर्णनातीत।
अकिंचन	अगतिक, अनुपाय, असहाय, कंगाल, गरीब, गुमनाम, दरिद्र, निर्धन, परावलंबी, साधनहीन।
अक्षत	अनुल्लंघित, अभंजित, अविभक्त, कौमार्यवान।
अगाध	अकूत, अगणनीय, अतुल, अत्यधिक, अनुमानातीत, अमित, असीम, निस्सीम, बेशुमार, भावपूर्ण।
अग्नि	अनल, अरुण, अशनि, आँच, आग, कृशानु, जातवेद, ज्वाला, दहन, धनंजय, पवि
अचिर	अल्पजीवी, क्षणभंगुर, क्षणिक।
अचेत	चेतनाशून्य, चेतनाहीन, बेहोश, मूर्च्छित, संज्ञाहीन।
अच्युत	अटल, अनष्ट, अमर, ईश्वर, कृष्ण, परिवर्तनहीन, विष्णु।
अज्ञानी	मूर्ख, अनभिज्ञ, मूढ़, अनजान
अतिरिक्त	अलग, जुदा, न्यारा, पृथक, भिन्न।
अत्याचार	अन्याय, अपकार, अनाचार, नृशंसता, उत्पात, जुल्म।
अदृश्य	अगोचर, अचाक्षुष, अप्रकट, अप्रत्यक्ष, अन्तर्धान, इंद्रियातीत, रहस्यपूर्ण, पर्देदार।
अनुचित	अयुत, नाजायज, बेजा, गैरमाकूल, गैरवाजिब।
अनुपम	अद्भुत, अद्वितीय, अनूठा, अनूप, अनोखा, निराला, अतुल।
अनुरूप	मिलता-जुलता, सदृश, समान, समरूप, तुल्यरूप।
अनूठा	निराला, बेजोड़, विलक्षण, विचित्र, अनोखा।
अन्वेषक	अनुसंधानकर्ता, आविष्कर्ता, पुरातत्ववेत्ता, वैज्ञानिक।
अभिजात	कुलीन, योग्य, विशिष्ट, श्रेष्ठ, संभ्रांत।
अशिष्ट	अपमानजनक, असभ्य, अहंकारी, धृष्ट, निर्लज्ज।
असुर	तमचर, दनुज, दानव, दैत्य, निशाचर, रजनीचर, सुरारि।
अर्जुन	पार्थ, धनंजय, भारत, गुडाकेश, गांडीवधारी

पर्यायशब्द	पर्यायवाची
अधिकार	हक, स्वत्व, दावा, शक्ति, सामर्थ्य, क्षमता
अध्ययन	अनुशीलन, पढ़ाई, परिशीलन
अदृश्य	तिरोहित, लुप्त, गायब, ओझल, अंतर्धान, अस्त
अनुपम	अपूर्व, अनोखा, अद्भुत, अनूठा, अद्वितीय
अशुद्ध	अपवित्र, मलिन, गंदा, दूषित, अशुचि
अवनति	अपकर्ष, ह्रास, गिरावट, घटाव
असीम	बेहद, अपरिमित, नि:सीम, बेहिसाब
अमीर	धनी, धनाढ्य, धनवान, सम्पन्न
अभिप्राय	आशय, तात्पर्य, मंशा, उद्देश्य, प्रयोजन
अभिमान	अहंकार, गर्व, मद, दर्प, गरूर, घमंड, दंभ
अप्सरा	देवबाला, देवांगना, सुरबाला, सुरसुंदरी
अभिजात	श्रेष्ठ, उच्च, कुलीन
अरण्य	जंगल, विपिन, कानन, वन
अपमान	अनादर, तिरस्कार, निरादर, बेइज्जती, उपेक्षा
अपयश	बदनामी, अपकीर्ति, निन्दा, अकीर्ति
	'आ' से बनने वाले पर्यायवाची
आकाश	अंतरिक्ष, अंबर, अनंत, अभ्र, आसमान, खगोल, गगन, फलक, तारापथ, द्यु, नभ, नाक, पुष्कर, व्योम, शून्य।
आत्मा	क्षेत्रज्ञ, चैतन्य, जीव, ब्रह्म, विभु, सर्वज्ञ, सर्वव्याप्त।
आनंद	खुशी, प्रमोद, प्रसन्नता, मज़ा, मोद, लुत्फ, सुख, हर्ष।
आयु	उम्र, जीवनकाल, जिंदगी, वय, वयस, अवस्था।
आयुष्मान	चिरंजीव, चिरायु, दीर्घजीवी, दीर्घायु, शतायु।
आलोचना	गुण-दोष-निरूपण, टीका-टिप्पणी, नुक्ताचीनी, समीक्षा।
आदरणीय	सम्माननीय, पूज्य, पूजनीय, माननीय, मान्यवर
आदित्य	सूर्य, रवि, भानु, प्रभाकर, दिवाकर, भास्कर
आतंक	संत्रास, दहशत, उपद्रव, भीषिका, अतिभय
आश्चर्य	अचरज, अचंभा, ताज्जुब, कौतुक, विस्मय
आकर्षक	मनोहर, मनोज्ञ, मोहक, मंजुल, दिलकश

2 विलोम शब्द [Antonyms]

- जो शब्द एक-दूसरे के विपरीत अर्थ को प्रकट करते हैं, उनको **विलोम शब्द** कहा जाता है।
  जैसे—गुण-अवगुण, धर्म-अधर्म। यहाँ **'गुण'** और **'धर्म'** के विलोम अर्थ देने वाले शब्द क्रमश: **'अवगुण'** व **'अधर्म'** हैं। विलोम शब्द को ही **विपरीतार्थक शब्द** भी कहते हैं।
- भाषा जीवन की अभिव्यक्ति है और जीवन द्वंद्वात्मक है, इसलिए प्रत्येक भाषा में दो विपरीत अर्थों, मंतव्यों को व्यक्त करने के लिए अलग-अलग शब्दों का अस्तित्व होता है।
- विपरीत भाव को व्यक्त करने के लिए ही **विलोम** (उल्टा) **शब्दों** की जानकारी आवश्यक है।
- हिन्दी में ऐसे विलोम शब्द या तो मूल शब्द के रूप में पहले से ही विद्यमान हैं। जैसे – **दिन-रात, सुख-दु:ख, छोटा-बड़ा** आदि।
- उपसर्ग जोड़कर बनने वाले शब्द - जैसे- **ज्ञानी-अज्ञानी, अर्थ-अनर्थ**
- उपसर्ग बदलकर बनने वाले शब्द - जैसे–**सक्षम-अक्षम, अनुकूल-प्रतिकूल** बनाए जाते हैं।

उपसर्ग जोड़कर बनने वाले विलोम शब्द

- **कई शब्द उपसर्ग जोड़कर भी बनाए जा सकते हैं** जैसे—आदान-प्रदान, सुलभ-दुर्लभ, आयात-निर्यात, संयोग-वियोग।
- **'अ' उपसर्ग जोड़कर**—सभ्य-असभ्य, न्याय-अन्याय, लौकिक-अलौकिक, हिंसा-अहिंसा, सामान्य-असामान्य।
- **'अप' उपसर्ग जोड़कर**—यश-अपयश, उत्कर्ष-अपकर्ष, मान-अपमान, कीर्ति-अपकीर्ति।
- **'अन्' उपसर्ग जोड़कर**—अंगीकार-अनंगीकार, उत्तरित-अनुत्तरित, अस्तित्व-अनस्तित्व, अभिज्ञ-अनभिज्ञ।
- **'निस्', 'निश्', 'निष्' उपसर्ग जोड़कर**—पाप-निष्पाप, सक्रिय-निष्क्रिय, सशुल्क-नि:शुल्क, सचेष्ट-निश्चेष्ट, तेज-निस्तेज।
- **'निर्' उपसर्ग जोड़कर**—अभिमान-निरभिमान, सापेक्ष-निरपेक्ष, आदर-निरादर, सामिष-निरामिष, सलज्ज-निर्लज्ज।
- **'वि' उपसर्ग जोड़कर**—सम्मुख-विमुख, राग-विराग, देश-विदेश, योजन-वियोजन।
- **'प्रति' उपसर्ग जोड़कर**—आगामी-प्रतिगामी, वादी-प्रतिवादी, घात-प्रतिघात, रूप-प्रतिरूप, आगमन-प्रत्यागमन।
- **'दुर' उपसर्ग जोड़कर**—सुबोध-दुर्बोध, सुव्यवस्थित-दुर्व्यवस्थित, सज्जन-दुर्जन।
- **'दुस्' उपसर्ग जोड़कर**—सत्कर्म-दुष्कर्म, सच्चरित्र-दुश्चरित्र।
- **'कु' उपसर्ग जोड़कर**—सुपात्र-कुपात्र, सुपुत्र-कुपुत्र, सुपाच्य-कुपाच्य, सन्मार्ग-कुमार्ग।
  - ✧ **लिंग परिवर्तन द्वारा**—राजा-रानी, भाई-बहन, वर-कन्या, माता-पिता, नर-नारी, लड़का-लड़की।
  - ✧ **प्रत्ययवत् प्रयुक्त शब्द-परिवर्तन द्वारा**—केन्द्राभिगामी-केंद्रापसारी, गतिवान-गतिहीन।
  - ✧ **नञ् समास द्वारा**—सभ्य-असभ्य, संभव-असंभव, लौकिक-अलौकिक, आदि-अनादि।
  - ✧ **भिन्न शब्द द्वारा**—लाभ-हानि, कटु-मधु, गुरु-लघु, मूक-वाचाल।

विलोम शब्दों के परीक्षोपयोगी उदाहरण

'अ' से बनने वाले विलोम शब्दों के उदाहरण

शब्द	विलोम	शब्द	विलोम
अचल	सचल	अथ	इति
अनुकूल	प्रतिकूल	अनंत	सान्त
अनर्थ	अर्थ (मंगल)	अचेतन	सचेतन
अनुराग	विराग	अनादि	आदि
अतिवृष्टि	अनावृष्टि	अग्रज	अनुज
अनुगामी	प्रतिगामी	अलभ्य	लभ्य
अर्वाचीन	प्राचीन	अबला	सबला
अमृत	विष	असीम	ससीम
अस्थिर	स्थिर	अपना	पराया
अपरिचित	परिचित	अणु	परमाणु
अर्थी	प्रत्यर्थी	अध:	उपरि
अन्विति	अनन्विति	अकंटक	कंटकाकीर्ण

शब्द	विलोम	शब्द	विलोम
अगाड़ी	पिछाड़ी	अग्रगामी	पश्चगामी
अच्युत	च्युत	अदृश्य	दृश्य
अवलंबित	अनवलंबित	असुविधा	सुविधा
अनिंदनीय	निन्दनीय	अभिलषित	अनभिलषित
अर्हता	अनर्हता	अतुकांत	तुकांत
अधिकांश	अल्पांश	अधिकार	अनधिकार
अभिमुख	पराङ्मुख	अधूरा	पूरा
अनहोनी	होनी	अभिशाप	वरदान
अनाहूत	आहूत	अभ्यंतर	बाह्य
अभ्यस्त	अनभ्यस्त	अनित्य	नित्य
अनुकूल	प्रतिकूल	अमावस्या	पूर्णिमा
अमीर	गरीब	अनुनासिक	निरनुनासिक

3 शब्द-युग्म [Word Combinations]

- भाषा में कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जिनका उच्चारण कुछ मिलता-जुलता होता है और धीरे-धीरे उनका उच्चारण एक जैसा होने लगता है।
- ये शब्द अर्थ की दृष्टि से सर्वथा भिन्न होते हैं। अत: इनका शुद्ध प्रयोग जानना आवश्यक है अन्यथा समझने में या लेखन में त्रुटि हो सकती है।
- वे शब्द जिनका उच्चारण प्राय: समान होता है; परन्तु उनके अर्थ में भिन्नता होती है उन्हें **'शब्द-युग्म'** कहते हैं।
- युग्म-शब्दों के सम्बन्ध में विशेष बात यह है कि ये उच्चारण में लगभग एक जैसे प्रतीत होते हैं, किन्तु लिपि रूप में जब इनको पढ़ा जाता है तो भिन्नता दृष्टिगोचर होने लगती है।
- उदाहरण के लिए **'आदि'** और **'आदी'** शब्द हैं। यदि इनको केवल सुना जाएगा तो लगेगा कि दोनों का अर्थ एक ही है; किन्तु यदि इन्हें पढ़ा जाएगा तो भिन्न अर्थ की प्रतीति स्वत: हो जाएगी। अत: **'आदि'** का अर्थ 'वगैरह' और 'आदी' का अर्थ 'आदत वाला' उभरकर सामने आ जाता है।

शब्द-युग्मों के परीक्षोपयोगी उदाहरण

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
'अ', 'आ' से निर्मित शब्द-युग्मों के उदाहरण			
अगम	– दुर्लभ	अचर	– स्थावर
आगम	– शास्त्र	अचिर	– नवीन
अपेक्षा	– स्थावरन	अशक्त	– शक्तिहीन
उपेक्षा	– आवश्यकता	आसक्त	– मोहित
अक्ष	– धुरी	अनु	– पश्चात्
अक्षि	– आँख	अणु	– कण
अंब	– माता	अंतर	– फर्क, भेद
अंबु	– जल	अनंतर	– बाद में
आर्त	– दु:खी	अजर	– देवता
आर्द्र	– गीला	अजिर	– आँगन
अनल	– आग	अथक	– बिना थके
अनिल	– हवा	अकथ	– न कहने योग्य
अभिहित	– कहा हुआ	अगद	– निरोग
अविहित	– अनुचित	अंगद	– बालि का पुत्र
अवंद्य	– निंदनीय	आसक्त	– विरक्त
अवध्य	– नहीं वध करने योग्य	अशक्त	– शक्तिहीन
अगत	– न गया हुआ	अगर	– धूपबत्ती, यदि
आगत	– आने वाला	अग्र	– आगे
अनावर्त	– न दोहराया हुआ	अनाचार	– अयोग्य आचरण
अनावृत्त	– न ढका हुआ	अत्याचार	– बुरा आचरण
अजन	– जन रहित	अपलक	– टकटकी लगाकर
अंजन	– काजल	अपलोक	– अपवाद, बदनामी
अवयव	– अंग	अवधूत	– साधु, संन्यासी
अव्यय	– अविकारी शब्द	अधूत	– निडर
अस्व	– धनहीन	अस्ति	– है (अस्तित्वमान)
अश्म	– पत्थर	अस्थि	– हड्डी
असाध	– कठिन	अशौच	– अशुद्ध
असाधु	– दुष्ट	अशोच	– बिना सोच के
अभिमान	– घमंड	अभार	– भारहीन
अभियान	– सन्नद्ध होना, पढ़ाई	आभार	– कृतज्ञता
आसन	– बैठने की जगह	आहुत	– यज्ञ
आसान	– सरल	आहूत	– आमंत्रित
आभरण	– आभूषण	आश्रय	– सहारा
आवरण	– पर्दा	आश्रम	– तपोवन कुटिया
'इ', 'ई', 'उ' से निर्मित शब्द-युग्मों के उदाहरण			
इड़ा	– पृथ्वी/नाड़ी	इतर	– भिन्न
ईडा	– स्तुति	इत्र	– सुगंधित द्रव्य
इंदिरा	– लक्ष्मी	ईति	– दैवी प्रकोप
इंद्रा	– इंद्र की पत्नी	इति	– समाप्त
उद्यत	– तैयार	उपकार	– भलाई
उद्धत	– शैतान/उद्दण्ड	अपकार	– बुराई
उर	– हृदय	इंदु	– चंद्रमा
उरु	– जाँघ	इंदुर	– चूहा
उत्पात	– उपद्रव	उपल	– पत्थर
उत्पाद	– उत्पन्न किया हुआ	उत्पल	– कमल
'ए', 'ओ' से निर्मित शब्द-युग्मों के उदाहरण			
एकदा	– एक बार	ओटना	– बिनौले अलग करना
एकधा	– एक प्रकार	औटना	– खौलना
ओर	– तरफ	अंश	– भाग
और	– तथा	अंस	– कंधा
'क', 'कं' से निर्मित शब्द-युग्मों के उदाहरण			
किला	– गढ़	कुच	– स्तन
कीला	– खूँटा	कूच	– प्रस्थान
कृपण	– कंजूस	कंच	– काँच
कृपाण	– तलवार	कंचन	– सुवर्ण
कलश	– घड़ा	कल्प	– अनेक युगों का समय
कुलिश	– हीरा/वज्र	कल्पित	– कल्पना किया गया

दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें





दक्ष प्रकाशन
(A Unit of College Book Centre)
A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)
फोन नं. 0141-2604302
Code No. D-739 | ₹ 780/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें
★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★